## एक नजर

### बरात घर निर्माण के लिए भूमि का प्रस्ताव पारित

**शाहजहांपुर।** गांव निजामपुर गौटिया में बरात घर निर्माण के लिए भूमि प्रबंध समिति की बैठक में भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव पारित किया गया। ग्राम पंचायत शाहबाजनगर के गांव निजामपुर गौटिया में कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के प्रयास से एक बरात घर का निर्माण होना है। जूनियर विद्यालय में रविवार को भूमि प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गया। बैठक में प्रधान महेश चंद्र गौतम, मंत्री पंकज मिश्रा, प्राध्यापक संजीव कुमार, रामभजन वर्मा, वीरपाल वर्मा, राजकुमार वर्मा, हरीराम वर्मा, राजकुमार, दशरथ आदि व अन्य लोग मौजूद रहे।

### उर्दू परीक्षा 13 से, मदरसों से प्राप्त करें प्रवेश पत्र

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी, मौलवी, सेकेंडरी, आलिम सीनियर सेकेंडरी कामिल और फाजिल 2024 वार्षिक परीक्षा 13 फरवरी से प्रारंभ होने जा रही है, जिसके लिए मदरसों में प्रवेश पत्र उपलब्ध हो गए हैं। बिजलीपुरा स्थित मदरसा नूर उल हुदा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं ने परीक्षा फॉर्म भरा है, वह मदरसा समय में आकर अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर लें। साथ ही मुंशी, मौलवी, सेकेंडरी, आलिम सीनियर सेकेंडरी के परीक्षार्थी हैं उनकी सत्रांक परीक्षा पांच से 10 फरवरी तक आयोजित की जाएगी।

# घाटों के साथ रिटेनिंग वॉल और पाथ-वे भी बढ़ाएगा हनुमतधाम की खूबसूरती

## सौंदर्यीकरण: दक्षिणी दिशा की ओर से तैयार किए जा रहे लाल पत्थर के घाट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



हनुमतधाम के दक्षिणी ओर निर्माणाधीन घाट। ● अमृत विचार

- रेती मार्ग से हनुमतधात तक एक मार्ग प्रस्तावित
- खन्नौत नदी में बाढ़ नियंत्रित करने को की जा रही पैचिंग
- ग्रीनरी और लाइटिंग के साथ लगाई जाएगी आकर्षक रेलिंग
- 10 से 15 करोड़ के बीच हो सकता नवीन प्रोजेक्ट का बजट

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार द्वारा हनुमतधाम को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने के बाद क्षेत्र का सौंदर्यीकरण लगातार जारी है। खन्नौत नदी के बीच टापू पर बनाए गए भव्य मंदिर में लगभग 105 फिट ऊंची रामभक्त हनुमान की दिव्य प्रतिमा और कृत्रिम गुफा में श्री गणेश जी, भोले नाथ, हनुमान जी, श्रीराम दरबार, मां दुर्गा के मनोहारी दरबार में मत्था टेकने के लिए दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। धार्मिक स्थल का सौंदर्यीकरण कराने के लिए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के मार्ग दर्शन में टीम लगातार प्रयासरत रहती है।

श्रद्धालुओं की उमड़ती भीड़ को देखते हुए हनुमतधाम प्रबंध समिति लगातार तीर्थस्थल के रूप में विकसित होने वाले धाम का सौंदर्यीकरण करा रही है। खन्नौत नदी के चारों ओर राजस्थानी पैटर्न पर लाल पत्थर से घाट बनवाए जा रहे हैं। घाट बनवाने का सिलसिला लगाता जारी है। वर्तमान में नदी के दक्षिणी दिशा की ओर नदी किनारे घाट बनाए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, रेती मोहल्ले की ओर से एक नया मार्ग भी निकाला जा रहा है, जिस पर काम भी चल रहा है। इस निर्माणाधीन मार्ग के दोनों ओर नदी का जल रोकने और व्यवस्थित करने के लिए छोटा बांध (बंधा) भी बनाया गया है, जिस पर पानी रोकने और आवश्यकतानुसार पानी छोड़ने के लिए एक गेट के रूप में व्यवस्था की गई है।

बाढ़ के दौरान नदी से होने वाले कटान को रोकने के लिए भारी-भरकम पत्थरों और लोहे के मोटे तार की जाली से पैचिंग की जा रही है, जिससे बाढ़ में कटान न हो सके और रास्ते एवं घाट सुरक्षित रह सकें। चूंकि यह कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसी के दृष्टिगत मुख्य मार्ग से सटे हुए खन्नौत नदी की धारा के किनारे पक्का पुल तक रिटेनिंग वाल, पाथ-वे भी विकसित करने की स्वीकृति मिल चुकी है, बजट मिलने के बाद इस दिशा में काम शुरू होने की उम्मीद है।

रिटेनिंग वाल और पाथ-वे के दोनों ओर खूबसूरती बढ़ाने के लिए ग्रीनरी और लाइटिंग के साथ आकर्षक रेलिंग भी लगाई जाएगी।



खन्नौत नदी का पानी नियंत्रित करने के लिए बंधे पर लगाया गया लोहे का गेट।



हनुमतधाम तक निमार्णाधीन नवीन सड़क और नदी का पानी रोकने को की गई पैचिंग।



हनुमतधाम के सौंदर्यीकरण के लिए और नवीन विकास कराने के लिए कैबिनेट सुरेश खन्ना लगातार प्रयासरत रहते हैं। पर्यटन विभाग की ओर से हनुमतधाम का सौंदर्यीकरण एवं चहुंमुखी विकास कराया जा रहा है। इसी कड़ी में एक नया मार्ग प्रस्तावित किया गया है, साथ ही हनुमतधाम से पक्का पुल तक रिटेनिंग वॉल-पाथ वे बनने जा रहा है, जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है, बजट की प्रतीक्षा हो रही है। लगभग 10 फिट चौड़ी रिटेनिंग वॉल की लागत 10 से 15 करोड़ के आसपास रहेगी। - **विनोद अग्रवाल**, प्रबंधक हनुमतधाम प्रबंध समिति

## परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बसों के बढ़ेंगे फेरे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की परीक्षा के मद्देनजर परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए निगम की बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। परीक्षार्थी समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंच सके। चालक रास्ते में परीक्षार्थियों को लेगा और रास्ते में पढ़ने वाले परीक्षा केंद्र के पास रोक कर उतारेगा। इधर निगम चार बसें कुंभ मेले में प्रयागराज जाएंगी।

डिपो में निगम की 104 बसें और 82 अनुबंधित बसें आएंगी। इधर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू होने वाली है। शिक्षा बोर्ड ने जिला प्रशासन और परिवहन निगम को पत्र लिखा है कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। समय से बसों का संचालन किया जाए। रास्ते में परीक्षार्थियों को बस में बैठाया जाए और रास्ते में पड़ने वाले परीक्षा केंद्र पर उतारा जाए। किसी प्रकार परीक्षार्थियों को असुविधा नहीं होनी चाहिए। इधर डीएम ने भी एआरएम को भी पत्र लिखा है। इधर प्रयागराज में कुंभ मेले के लिए डिपो की निगम की चार बसें प्रयागराज जाएंगी। चारों बसें छह फरवरी को रवाना हो जाएगी। एआरएम आरएस पांडेय ने बताया कि परीक्षा को लेकर बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। चालकों को निर्देश दे दिए गए है कि रास्ते में भी परीक्षार्थी को बस में बैठाया जाए। कि

# जर्जर एलटी लाइन बदलने का कार्य शुरू

संवाददाता, रोजा





रोजा क्षेत्र में बदला जा रहा ट्रांसफार्मर। रेती क्षेत्र में बिछाई जा रही बंच लाइन।

- एक दर्जन मोहल्लों के लोगों को मिलेगी राहत

**अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र हथौड़ा से संबंधित एक दर्जन मोहल्लों में जर्जर तार, खंभे व ट्रांसफार्मर बदलने का काम शुरू हो गया है। इससे इस क्षेत्र में रहने वालों को राहत मिलेगी।

विद्युत उपकेंद्र हथौड़ा के जेई अंकित तिवारी ने बताया कि उपकेंद्र से जुड़े हथौड़ा बुजुर्ग, कैलाश नगर, बिजलीपुरा, रेती, नई बस्ती, हनुमत धाम, पुत्तूलाल चौराहा व अन्य मोहल्लों में जर्जर एलटी लाइन बदलने एवं एक दर्जन से अधिक परिवर्तकों की क्षमता वृद्धि करने का कार्य किया जा रहा है। जिससे भविष्य में उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग मुक्त विद्युत आपूर्ति मिलेगी। उन्होंने बताया कि तार व खंभे नए होने के बाद उपभोक्ता को गर्मी व बारिश के मौसम में फॉल्ट से काफी हद तक राहत मिल जाएगी। बता दें बिजली आपूर्ति के लिए प्रयोग में लाई जा रही लाइनें पुरानी होने के कारण जर्जर हो चुकी हैं। यही हाल खंभों का भी है। भीषण गर्मी और बारिश के मौसम में इन लाइनों में जल्दी फॉल्ट आ जाता हैं। गर्मी में फॉल्ट के चलते उपभोक्ताओं को खासी परेशानी झेलनी पड़ी। अब उनकी समस्या का कुछ हद तक निदान हो जाएगा।

# प्रतीक्षालय बन गया अराजक तत्वों का अड्डा, शराब पी मचाते है उत्पात

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- ट्रेनों में किन्नरों की अवैध वसूली से भी यात्री परेशान

**अमृत विचार:** मालगोदाम रोड पर द्वितीय प्रवेश द्वार का प्रतीक्षालय अराजक तत्वों का अड्डा बन गया है। प्रतीक्षालय में यात्रियों का सामान चोरी हो जाता है। रात में शराब पीकर लोग झगड़ा करते है। ट्रेनों में किन्नरों की वसूली से यात्री परेशान है।

मालगोदाम रोड पर द्वितीय प्रवेश द्वार बना हुआ है। परिसर में द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय बना हुआ है। प्रतीक्षालय अराजक तत्वों का अड्डा बन गया है। जहां रात आठ बजे लोग शराब पीकर उत्पात मचाते है और आए दिन लोग झगड़ा करते है। प्रतीक्षालय में रुकने वाले यात्रियों का आए दिन मोबाइल चोरी हो जाता है। साथ द्वितीय प्रवेश द्वार परिसर में रेलवे ठेकेदार द्वारा कार्य चल रहा है। रात में शराबी लोग चौकीदार से झगड़ा करते है। इसके अलावा ट्रेनों में किन्नर से यात्री परेशान है। बरेली-शाहजहांपुर के बीच ट्रेन में किन्नर चलते है और यात्रियों से जबरन वसूली करते है। यात्रियों से किन्नरों की आए दिन ट्रेन में नोकझोंक होती है। इसके अलावा मालगोदाम रोड पर रेलवे की जमीन पर रात में ठेले लगते है। ठेले पर लोग शराब पीकर लोगों से झगड़ा करते है। आरपीएफ समय-समय प्रतीक्षालय से लोगों को भगाती है। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि पुलिस चौकी अशफाक नगर को गश्त करने के निर्देश दिए हैं।

# रेलवे की दीवार तोड़ बना लिया रास्ता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



रोडवेज रेलवे फाटक व लकड़ी वाले पुल के बीच टूटी रेलवे की दीवार। ● अमृत विचार

- ट्रैक पर घूमते रहते हैं निराश्रित पशु आदि, मेमो देने के बाद भी नहीं बनाई गई दीवार

**अमृत विचार:** रोडवेज रेलवे फाटक व लकड़ी वाले पुल के बीच रेलवे की दीवार तोड़कर लोगों ने रास्ता बना लिया। निराश्रित पशु टूटी दीवार से रेलवे लाइन पर निकल जाते है। जिससे ट्रेन से टकराकर हादसा होने का खतरा है। आईओडब्ल्यू को मेमो देने के बाद भी टूटी दीवार नहीं बनाई गई है।

रोडवेज रेलवे फाटक से तेल टंकी मोड़ पर जाने वाले मार्ग रेलवे की लाइन के किनारे रेलवे की दीवार है। दीवार बनाने का उद्देश्य था कि निराश्रित पशु और लोग रेल लाइन पार न कर सके। इधर 15 दिन पूर्व एक स्थान पर लोगों ने दीवार तोड़ दी और आम रास्ता बना लिया। लोग रेल लाइन पार करके पुल के नीचे अशफाकनगर चौराहे की तरफ निकल जाते है। साथ ही टूटी दीवार से पशु भी रेलवे लाइन पर निकल जाते है। लकड़ी वाले पुल से न जाकर, नीचे लोहे की ग्रिल से रेलवे लाइन पार करने के चक्कर में आए दिन लोग ट्रेन से कटकर काल के गाल में समा जाते हैं।

रेलवे लाइन पर निराश्रित पशुओं के घूमने से कभी भी हादसा हो सकता है। स्टेशन अधीक्षक पीएस तोमर ने बताया आईओडब्ल्यू को दीवार सही कराने के लिए मेमो दिया जा चुका है।

# अपर और उप नगर आयुक्त का भी हो गया तबादला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



एसके सिंह



रश्मि भारती

- एसके सिंह को बरेली और रश्मि भारती को भेजा गया लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव का असर जिला प्रशासन में दिखाई पड़ने लगा है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा के बाद अब अपर नगर आयुक्त एवं उप नगर आयुक्त का भी स्थानांतरण हो गया है। हालांकि अभी इन दोनों में कोई रिलीव नहीं हुआ है।

नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा का स्थानांतरण विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग में हुआ और उनके स्थान पर विशेष सचिव कामता प्रसाद शाहजहांपुर को नए नगर आयुक्त के रूप में मिले। जिन्होंने तत्काल कार्यभार करते हुए काम भी शुरू कर दिया है। अब पता चला है कि काफी लंबे अरसे से तैनात अपर नगर आयुक्त एसके सिंह और उप नगर आयुक्त रश्मि भारती का भी तबादला हो गया है। दोनों अधिकारियों का स्थानांतरण बरेली और लखनऊ में इसी पद पर हुआ है। चुनाव आयोग के निर्देश पर तीनों अधिकारियों का तबादला किया गया है। हालांकि अपर नगर आयुक्त और उप नगर आयुक्त अभी रिलीव नहीं हुए हैं। नवागत नगर आयुक्त कामता प्रसाद ने पुष्टि करते हुए बताया कि शनिवार को ही दोनों का स्थानांतरण आदेश आया है। इसके बाद रविवार पड़ गया।

# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ने लगाया मुफ्त स्वास्थ्य मेला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मुफ्त स्वास्थ्य मेले में मौजूद वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

- 627 ने कराया पंजीकरण, 47 मरीजों में मिला मोतियाबिंद, कराया जाएगा ऑपरेशन
- हड्डी के 76, दिल के 53, ब्लड शुगर के 274, ब्लड प्रेशर के 386 मरीजों ने कराई जांच

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से रविवार को श्री हर्ष पांडेय आदर्श इंटर कॉलेज शाहबाद में मुफ्त स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन चेयरमैन आसिफ खान उर्फ बब्बू ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने चेयरमैन का स्वागत व सम्मान किया। चेयरमैन ने शिविर का निरीक्षण कर प्रशंसा की।

इस दौरान वरुण डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल व वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने कहा कि वह भविष्य में भी इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाते रहेंगे, जिसका लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिलता रहे। कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होती है। शिविर में कुल 627 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 47 मरीजों में मोतियाबिंद मिला। उनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा में निःशुल्क किया जाएगा। शिविर में 76 की हड्डी (बीएमडी), 53 की दिल (ईसीजी), 274 की ब्लड शुगर और 386 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच निःशुल्क की गई। सभी को दवाइयों का वितरण भी किया गया। एमआरआई, सीटी स्कैन व अन्य जांचों के छूट के कूपन भी वितरित किए गए। स्वास्थ्य टीम व पीआरओ ने लोगों को नियमित जांचें करवाने के लिए भी जागरूक किया। 200 रुपये में बनने वाले परिवार स्वास्थ्य कार्ड की भी जानकारी दी। शिविर में हर्ष पांडेय, रामनिवास मिश्रा, अनुज मिश्रा, सौम्या पांडेय, करुणा शंकर शुक्ला, राजकुमार यादव और कॉलेज के समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। स्वास्थ्य शिविर में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा के डॉ. अर्जुन अग्रवाल, डॉ. भोसले, डॉ. विक्की, डॉ. रोहित शुक्ला, डॉ. सावन कुमार, डॉ. सुशील भूषण, डॉ. मयंक, डॉ. तपस्या रेड्डी, डॉ. कुरपा, डॉ. कुसुमचंद्र अंबुरे, डॉ. विभू उपाध्याय, डॉ. शाकुल, डॉ. शिवांगी कपूर, डॉ. शुभांगी, डॉ. हर्षिता शर्मा, डॉ. श्रद्धा, डॉ. जावेद मलिक, डॉ. अभिषेक, डॉ. उत्कर्ष, डॉ. नंदिता, डॉ. कृतिका अग्रवाल, डॉ. चारु एवं मेडिकल कॉलेज के उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी ललित सिंह चौहान, पीआरओ विपिन शर्मा व अतुल गंगवार के साथ पैरामेडिकल स्टाफ आदि मौजूद रहा।



## वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ने कटरा में लगाया कैंप

**शाहजहांपुर।** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से रविवार को नि:शुल्क नेत्र रोग, सामान्य रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग शिविर का आयोजन आर्य कन्या इंटर कॉलेज मीरानपुर कटरा में किया गया। उद्घाटन महेश चंद्र आर्य (प्रबंधक) व विशाल मल्होत्रा ने फीता काटकर किया। शिविर में 62 मरीजों ने पंजीकरण कराया। एक मरीज को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। ऑपरेशन के लिए कॉलेज की बस से वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल लाया गया। मोतियाबिंद के मरीजों को लेंस, ऑपरेशन, दवाइयां एवं खाने की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध है। आई ड्रॉप व दवाइयां वितरित की गईं। बताया गया कि कैंप के माध्यम से आई गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड मुफ्त में किया जाएगा। कैंप में उपाध्यक्ष डॉ. सर्वेश कुमार गुप्ता, अखिलेश कुमार गुप्ता, सुनीता शर्मा, दीपिका मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, दिनेश अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, मोहित मल्होत्रा, डॉ. शुभांनगी, डॉ. कीर्ति पटेल, डॉ. विश्वजीत, वसुधा यादव, पैरामेडिकल स्टाफ एवं मेडिकल कॉलेज के पीआरओ जितेंद्र गंगवार मौजूद रहे।

**परेशानी** बढ़ते दामों ने बेमजा कर दिया सब्जियों का स्वाद, दो सौ प्रति किलो में बिकने वाले लहसुन का भाव पहुंचा 480 रुपये किलो

# लहसुन ने लगाया महंगाई में तड़का, सब्जी के भी दाम बढ़े

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सब्जी के दामों में हो रही बढ़ोत्तरी ने सब्जियों का स्वाद बेमजा कर दिया है। जिससे रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। सबसे अधिक आग लहसुन ने लगाई है। दो सौ रुपये में बिकने वाला लहसुन अब चार सौ अस्सी रुपये बिकने पर बाजार में कम ही दिखाई दे रहा है।

महंगाई ने समाज के हर हर तबके को प्रभावित किया है। पहले आम आदमी की थाली से दाल गायब हुई थी। मसालों की कीमतों में इजाफा होने के साथ सब्जी के दाम भी बढ़े हुए हैं। बाजार में भिंडी अस्सी रुपये, गोल बैंगन साठ रुपये, मटर चालीस रुपये, सेम अस्सी रुपये, शिमला मिर्च अस्सी रुपये, प्याज बीस से तीस रुपये प्रति किलो बिक रहा है। पंद्रह दिन पहले लहसुन दो सौ रुपये किलो था जो अब चार सौ अस्सी रुपये किलो बिक रहा है। लोग ढाई सौ ग्राम लहसुन खरीदकर काम चला रहे है। छोटी सब्जी मंडी में दुकान में अधिकांश दुकानों से लहसुन गायब हो गया है। दुकानदारों का कहना है कि लहसुन महंगा हो जाने की वजह से दुकानदारों ने रखना कम कर दिया है। सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को हो रही है, जिनके घर में कोई कार्यक्रम है।

### लहसुन के है कई आयुर्वेदिक फायदे

खांसी और जुकाम से तो बचाता ही है, साथ ही दिमाग की कार्यप्रणाली में सुधार करता है। पाचन तंत्र, ब्लड शुगर को संतुलित रखता है। इम्युनिटी बढ़ाता है, स्किन में सुधार करता है और कैंसर और पेप्टिक अल्सर से भी बचाता है और दिल की सेहत के लिए भी अच्छा होता है।



### क्या बोलीं गृहणियां



लहसुन के बढ़ते दाम ने रसोई का बजट बढ़ा दिया। दुकानदारों ने लहसुन को दबा लिया। इसलिए बाजार में काफी महंगा बिक रहा है। जमाखोरों पर अंकुश लगना चाहिए। लहसुन की कालाबाजारी पर रोक लगानी चाहिए। **-पुष्पा वर्मा**, गृहणी



खाद्य सामग्री की कालाबाजारी हो रही है तो गलत है। इससे हर कोई परेशान है। दाम बढ़ने से सबसे ज्यादा फर्क रसोई के बजट पर पड़ता है। घर का बजट गड़बड़ा जाता है। लहसुन आयुर्वेदिक दवा भी है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है। **-ममता गांधी**



सब्जी की जमाखोरी के कारण दाम बढ़ना शुरु हो गए है। मिडिल क्लास परिवार जैसे-तैसे एडजस्ट कर लेता है। मजदूरी करने वालों के प्रति सरकार क्यों नहीं सोचती है। लहसुन की कालाबाजारी पर प्रशासन को छापे मारने चाहिए। **-पूनम**, गृहणी



महंगाई दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। जमाखोरों पर अंकुश लगना चाहिए। अब एकदम लहसुन के दाम बढ़ गए है। यदि सब्जियों के दाम इस तरह बढ़ते रहे तो गरीब आदमी की थाली से सब्जी गायब हो जाएगी। **-बीना देवी**

# क्षतिग्रस्त रास्तों को तत्काल ठीक करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



जुलूस मार्ग का निरीक्षण करते नगर आयुक्त कामता प्रसाद। ● अमृत विचार

- लाट साहब जुलूस मार्गों का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**अमृत विचार:** नगर आयुक्त कामता प्रसाद ने होली पर्व के दृष्टिगत सराय काइयां व चौक से निकलने वाले लाट साहब जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। जुलूस मार्ग क्षतिग्रस्त मिलने पर उनको तत्काल ठीक किए जाने के निर्देश संबंधित को दिए। साथ ही सफाई व्यवस्था को भी देखा।

रविवार को निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के साथ-साथ नाले में कराई जाने वाली सफाई के बाद निकलने वाली सिल्ट को भी तुरंत साफ कराए जाने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने खिरनीबाग चौराहा से अंटा चौराहा, केरूगंज, चारखंभा रोड पर जल निगम की ओर से निर्माणाधीन सीवर लाइन के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर में डाली जा रही सीवर लाइन की स्थिति को देखा गया। निर्देशित किया गया कि सुगम यातायात के लिए सीवर लाइन के निर्माण कार्यों को जल्द पूरा किया जाए। निरीक्षण के समय महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, सहायक अभियंता जलकल प्रेम चंद्र आर्य, अवर अभियंता सूरज प्रजापति सभी मुख्य सफाई व खाद्य निरीक्षक मौजूद रहे।




# सीवर लाइन बिछाने को खोद दीं महानगर की सड़कें, लोग चोटिल होते रहें

## नगर निगम के जिम्मेदारों और न ही जनप्रतिनिधियों ने शहरवासियों की पीड़ा को समझा, बारिश से सड़कें कीचड़ से भरीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सीवर लाइन बिछाने के लिए महानगर की सभी सड़कें खोद दी गईं। सबसे बड़ी लापरवाही यह देखने को मिल रही है कि कार्यदायी संस्था एक के बाद एक सड़क खोदती गई लेकिन न शहर के जिम्मेदारों और न ही जनप्रतिनिधियों ने शहरवासियों की पीड़ा को समझा। मिट्टी खोदे जाने की वजह से सड़कें दलदली हो गईं। कहीं ज्यादा गहरा गड्ढा है तो कहीं मिट्टी की मोटी परत जमी हुई है। लापरवाही की वजह से खुदी पड़ी सड़कें बारिश में शहर के लोगों के लिए मुसीबत बन गई हैं। कीचड़ से भरी सड़कों पर फिसलन इस कदर बढ़ गई कि राहगीर फिसल कर चोटिल हो रहे हैं। हालात यहां तक खराब हैं कि लोग निकलने से डर रहे हैं, कहीं कीचड़ वाली सड़कें जानलेवा न बन जाएं। बारिश ने सड़कों की दुर्दशा को और बढ़ा दिया है। नवनियुक्त नगर आयुक्त कामता प्रसाद के लिए महानगर की बदहाल सड़कों की स्थिति में जल्द सुधार कराना भी बड़ी चुनौती बना है, क्योंकि ठेकेदार सड़कों को खोदने के बाद ठीक से मरम्मत तक नहीं कर रहे हैं। जल निगम ने कार्यदायी संस्था टेक्नोक्राफ्ट को मार्च तक काम पूरा करने की समय सीमा तय की है। इसलिए कार्यदायी संस्था के कार्मिकों को दिन-रात काम पर लगाकर कार्य करा रही है। शनिवार को भी पूरे दिन काम चला। इससे आवागमन प्रभावित रहा।


मुख्य बाजार में सड़क पर कीचड़। ● अमृत विचार


एसपी ऑफिस के सामने वाली सड़क पर कीचड़। ● अमृत विचार


निशात रोड पर बीच सड़क में कीचड़। ● अमृत विचार

### महिला की स्कूटी फंसी तो ई-रिक्शा पलटने से बचीं अव्यवस्था पर नगर आयुक्त नाराज

एसपी कॉलेज रोड पर सीवर बिछाने के लिए खोदी सड़क के पास से निकली एक महिला की स्कूटी फंस गई। इससे जाम लगा रहा। हालांकि यहां कार्य पूरा कर लिया गया है। अब सड़क की मरम्मत का कार्य चल रहा है। सीवर कार्य की धीमी गति पर नगर आयुक्त कामता प्रसाद सिंह ने भी नाराजगी जताई है। सीवर लाइन बिछाने के साथ ही कार्यदायी संस्था की ओर से कनेक्शन के लिए चेंबर बनाने और सड़क की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। शनिवार को हनुमत धाम रोड पर हयातपुरा व हुसैनपुरा क्षेत्र में सड़क मरम्मत का कार्य चला। रंगीन चौपाल में भी सीवर बिछाने के बाद खोदी गई सड़क की मरम्मत की गई। रविवार को सड़क के मलबे में लोग खूब फिसले। कई ई-रिक्शा पलटने से बचे।

### यहां हुई सबसे ज्यादा परेशानी

वैसे तो पूरे शहर में ही कीचड़ और खुदी पड़ी सड़कों के चलते परेशानी हुई, लेकिन सबसे ज्यादा परेशानी निशात टॉकीज रोड, निशात टॉकीज तिराहा, जेल रोड, अंटा चौराहा, एसपी ऑफिस के सामने वाली सड़क, नगर निगम रोड, सदर थाना रोड पर हुई। यहां बाइक, पैदल, स्कूली सवार लोगों को सबसे ज्यादा परेशान होना पड़ा। गड्ढे और बढ़े यातायात के चलते लोगों को कई बार सड़क पर ब्रेक लगाना पड़ा। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि सड़कों पर फैली मिट्टी, कीचड़ और फिसलने के चलते कई लोग गिरते हुए बचे। जबकि कुछ लोग तो गिर भी गए।

▸▸ **कीचड़ से सड़कों पर फिसलन बढ़ी राहगीर फिसल कर चोटिल हो रहे, नगर आयुक्त के सामने स्थिति से निपटना चुनौती**


जल निगम की ओर से जल्द से जल्द खोदाई पूरी कराने की बात कही जा रही है, लेकिन काम पूरा नहीं हो पा रहा है। निसंदेह काम पूरा होने के बाद फायदा होगा। – **अमित सिंह**


लंबे समय से खोदाई चल रही है। जिसके चलते लोगों को भारी परेशानी हो रही है। अब थोड़ी सी बारिश आफत बन गई है। सड़कों पर कीचड़ फैला है। ऐसे में निकलना दूभर हो गया। –**सरिता**


खोदाई का काम इस तरह होना चाहिए था कि जनता को परेशानी भी न हो और काम भी हो जाए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब से काम शुरू हुआ है तब से जनता को परेशानी हो रही है। – **विजय कुमार**

> कीचड़ होने से लोगों को परेशानी हुई है। तेजी से काम चल रहा है। उम्मीद है कि बहुत जल्द काम पूरा हो जाएगा और खुदी सड़कों से मुक्ति मिल जाएगी।– कपिल एम सिंह, अधिशासी अभियंता, जल निगम।

> हमारा प्रयास है कि जल्द से जल्द सभी सड़कों की स्थिति में सुधार हो जाए। इसके लिए अधिकारियों से कहा गया है। कई स्तर पर सुधार की प्रक्रिया चल रही है। लोगों को परेशानी न हो इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं।– कामता प्रसाद सिंह, नगर आयुक्त।

## एक नजर

### साइकिल हटाने के विवाद में भाई को पीटा

**शाहजहांपुर।** बंडा के गांव तिंदुआ नगरिया निवासी श्यामू ने बताया कि उसकी जमीन पर पाकड़ का पेड़ खड़ा है। उन्होंने उससे लगाकर साइकिल खड़ी कर दी। उसके भाई संजीत ने साइकिल हटाने के लिए कहा तो दोनों में विवाद हो गया। संजीत ने उससे कहा कि पाकड़ के पेड़ से सटाकर साइकिल क्यों खड़ी की है। इसी बात को लेकर श्यामू को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### नाबालिग को किया अगवा

**शाहजहांपुर।** मिर्जापुर क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि 27 जनवरी की शाम पांच बजे उसकी 14 वर्षीया बेटी किसी कार्य से गई थी। वह शाम छह बजे तक घर वापस नहीं आई तो परिवार वालों ने उसकी तलाश की। दो दिन बाद उसे पता चला कि जलालाबाद का आकाश उसे अगवा कर ले गया है। पुलिस ने आरोपी आकाश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# परेशान व्यापारी बोले, कीचड़ से बाजार नहीं आ रहे ग्राहक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



बैठक करते व्यापारी। ● अमृत विचार

▸▸ **व्यापारियों की समस्याओं को लेकर कल जल निगम का घेराव कर व्यापार मंडल देगा ज्ञापन**

**अमृत विचार :** व्यापार मंडल महानगर की बैठक रविवार को महानगर कार्यालय खिरनी बाग में हुई। महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा कि पूरे महानगर में सीवर लाइन की खोदाई चल रही है। जिससे बाजार ठप होने की कगार पर पहुंच गई है। जगह-जगह सीवर लाइन के गड्ढे खोदने के बाद उसमें पाइप डालकर मिट्टी डाली गई और उसे ऐसे ही छोड़ दिया गया। कुछ जगह पर पैचिंग की गई है, लेकिन वह भी नाम मात्र की है। पैचिंग के कुछ समय बाद ही वह भी उखड़ने लगी है। बीते दो-तीन दिन से रुक-रुक कर बारिश हो रही है, जिस वजह से जो मिट्टी गड्ढे के ऊपर पड़ी थी वह रोड पर आकर कीचड़ में बदल गई है। जिस वजह से लोगों का आवागमन काफी मुश्किल हो गया है। बाजारों में सन्नाटा है। जल निगम अपना कार्य ठीक से नहीं कर रहा है। ठेकेदार भी खानापूर्ति कर रहा है। कोई भी अधिकारी अपने कर्तव्य को ठीक से नहीं निभा रहा, जिस वजह से लोग परेशान हैं। कहने को तो यह महानगर है और यहां नगर निगम है, लेकिन व्यवस्था बहुत खराब हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि मंडी में भी कई जगह गड्ढे, कीचड़ की समस्या के कारण लोग परेशान हैं। मल्हार रोड, लाल ब्रिज रोड पर भी काफी जगह खोदाई से वहां मिट्टी पड़ी है जिस वजह से लोगों का निकलना मुश्किल हो चुका है। दलदल के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देते और कई मोटरसाइकिल सवार इन गड्ढों में फंसने की वजह से दुर्घटना का शिकार भी हो चुके हैं। कई बार ई-रिक्शा भी पलट चुके हैं। जिससे कई लोग चोटिल भी हुए, लेकिन समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। व्यापार मंडल जल निगम के अधिकारियों का घेराव करेगा। जब तक पुराने काम पर पैच वर्क न हो जाए तब तक नया रोड न खोदा जाए।

महामंत्री सुरेंद्र सिंह सेठ ने कहा की अगर कार्य को ठीक से किया जाता तो किसी को कोई भी समस्याएं नहीं आती। महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम और महामंत्री सुरेंद्र सिंह सेठ ने कहा कि जल्द ही समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा। सभी की सहमति से मंगलवार को जल निगम के अधिशासी अभियंता को दोपहर 12 बजे ज्ञापन देने का निश्चय किया गया। बैठक में प्रांतीय मंत्री व ज़िला महामंत्री सुरेंद्र सिंह सेठ, प्रांतीय संगठन मंत्री, महानगर महामंत्री अमित शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष उवैस हसन खान, ज़ुबैर ख़ान, बंटी कालरा, शिबू सिद्दीक़ी, अशोक गुप्ता, लकी ख़ान, कंचन गुप्ता, अखिल मिश्रा, मदुरेश गुप्ता, यासिन खान उपस्थित रहे। सहयोग करने वालों में -कामिल हुसैन, आरिफ, सनी, हनी सिंह, महेंद्र दुबे, अमित गुप्ता आदि मौजूद थे

# फोटो वायरल की धमकी देकर शादी का बना रहा दबाव

**कलान, अमृत विचार :** क्षेत्र के पुलिस चौकी वाराकला क्षेत्र के एक गांव के युवक ने थाने पर रविवार को तहरीर देकर बताया कि बदायूं के उसहैत थाना क्षेत्र के गांव खजुरा नगला निवासी युवक उसकी पुत्री को फोन पर धमकी देता है कि अगर तूने मुझ से शादी नहीं की तो वह फोटो वायरल कर तेरी और तेरे परिजनों की इज्जत पर बट्टा लगा दूंगा। जिसके बाद कोई भी तुझसे शादी करने को तैयार नहीं होगा।

पीड़ित युवक ने अपनी पुत्री की शादी तय कर दी है, जिसे वह तुड़वाना चाहता है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी की उसके गांव में ननिहाल है। इसलिए उसका गांव में आना जाना लगा रहता था। उसने थाना प्रभारी से कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# हैंडपंप खोलकर की गई डाले गए पाइपों की गिनती, बोरिंग की गहराई भी मापी


माधौपुर में रिबोर की जांच करते एडीएम न्यायिक राशिद अली व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

## खबर का असर

▸▸ **हैडपंप रिबोर मामले में जांच करने पहुंचे एडीएम न्यायिक को मिली गड़बड़ी**

▸▸ **2022-23 में हैडपंप रिबोर मामले की लोकायुक्त से की गई थी शिकायत**


मंत्रियों के जिले में पांच घोटाले, साठगांठ से करोड़ों रुपये डकारे
एक साल में जनता की गाढ़ी कमाई को हड़प कर बैठे हैं घोटालेबाज, मुख्य आरोपियों पर कार्रवाई लटकी, लाभार्थी परेशान

अमृत विचार में छपी खबर। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** हैंडपंप रिबोर मामले में लोकायुक्त के यहां दर्ज की गई शिकायत के मामले में डीएम के आदेश पर रविवार को एडीएम न्यायिक राशिद अली जल निगम के अधिशासी अभियंता अरविंद पटेल, खुटार खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र मिश्रा के साथ जांच करने ग्राम पंचायत रामपुर कलां के मजरा माधौपुर पहुंचे। जहां उन्होंने रिबोर कराए गए हैंडपंप के पाइप निकलवाकर जांच कराई। जांच में बड़ी गड़बड़ी पाई गई है। रामपुर कलां में भी गड़बड़ी मिली है। अब गठित टीमों में अधिकारी जांच कर रिपोर्ट एडीएम न्यायिक और डीएम को सौंपेंगे। जिससे आरोपियों पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है।

पुवायां निवासी चंद्रकला ने लोकायुक्त को पत्र भेजकर शिकायत की थी कि अलग-अलग ब्लॉक क्षेत्र में हैंडपंप रिबोर में बहुत बड़ा घोटाला हुआ है। आरोप था कि हैंडपंप रिबोर में सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है। जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई। लोकायुक्त ने उप लोकायुक्त के सचिव ने मामले की रिपोर्ट डीएम से मांगी। मामले को गंभीरता से लेकर डीएम ने एडीएम न्यायिक को जांच सौंपी और जांच कर आख्या देने को कहा है। रविवार को एडीएम न्यायिक राशिद अली खुटार ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर कलां के मजरा माधौपुर पहुंचे और जांच की। जांच टीम ने रिबोर हुए हैंडपंप को पूरी तरह से खोलकर व बोरिंग में डाले गए पाइपों की गिनती, बोरिंग की गहराई की माप की गई। जांच में भारी गड़बड़ी सामने आई। एडीएम न्यायिक राशिद अली ने बताया कि खुटार ब्लॉक क्षेत्र में समस्त ग्रामों में हुए हैंडपंप रिबोर की जांच की जाएगी। इसके बाद ही डीएम को जांच रिपोर्ट आख्या सहित सौपी जाएगी। ठेकेदार व संलिप्त कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। जांच टीम में बीडीओ वीरेंद्र मिश्र, एडीओ पंचायत अनुराग शर्मा, जल निगम के ठेकेदार बृजेश पांडे, ग्राम पंचायत अधिकारी महेश कांत पांडे, हल्का लेखपाल रूपेश कुमार, नायब तहसीलदार सर्जित कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।


रामपुर कलां में रिबोर हैंडपंप की जांच करने पहुंचे एडीएम न्यायिक राशिद अली।

### आठ की जगह पांच पाइप डाले, वो भी पुराने

साथ ही जल निगम के जेई अरविंद पटेल ने बताया कि हैंडपंप रिबोर में आठ पाइप की जगह पांच पाइप ही डाले गए है। एमबी में नए पाइप की जगह पुराने पाइप ही डाल दिए गए है। बोरिंग की गहराई भी कम पाई गई है। यहां से जांच के बाद टीम रामपुर कलां के संविलियन विद्यालय में पहुंची। 2022-23 में हुए रिबोर की जांच की गई। बोरिंग में आठ की जगह छह पाइप पाए गए है। एस्टीमेट में नए पाइप की जगह पुराने पाइप ही मिले है। जल निगम के जेई अरविंद पटेल के अनुसार, जांच में कोई भी हैंडपंप रिबोर सही नहीं पाया गया है।

### विधायक के पैतृक गांव में ही घोटाला

बड़ा सवाल है कि वर्तमान जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा के पैतृक गांव माधौपुर में रिबोर में जांच में भारी गड़बड़ी मिली है। तो अन्य गांवों में क्या हाल होगा यह कहना कठिन होगा। ग्रामीणों के अनुसार, हैंडपंप रिबोर होते हैं, जो ढंग से नहीं चलते है। जबकि ठेकेदार पानी के लिए गड्ढे तक नहीं बनाते है। जिस कारण पानी रास्तों पर एकत्र होता है।

### अन्य ग्राम पंचायतों में भी होगी जांच

एडीएम न्यायिक राशिद अली ने बताया कि अन्य गांवों में रिबोर मामले की जांच के लिए एसडीएम पुवायां और जल निगम के अधिशासी अभियंता की टीम गठित की है। जो मामले में जांच करके इसकी रिपोर्ट एडीएम न्यायिक को सौंपेगी। 20 फरवरी तक जांच कराने के निर्देश है। इसके साथ ही 12 मार्च तक लोकायुक्त के पास रिपोर्ट भेजने के आदेश उप लोकायुक्त सचिव ने अधिकारियों को दिए हैं।

> जिलाधिकारी के आदेश पर रिबोर हुए हैंडपंप की जांच की गई है। जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपी जाएगी। जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।
> – **राशिद अली**, एडीएम न्यायिक शाहजहांपुर

# कॉलेज का अध्यापक छात्रा को लेकर रफूचक्कर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ **छात्रा की इसी माह 18 को है शादी, नगदी और जेवर भी साथ ले गई छात्रा**

**अमृत विचार :** क्षेत्र के एक कॉलेज में पढ़ने वाली एक छात्रा की शादी तय हो गई थी। कॉलेज का अध्यापक बरात आने से पहले उसे अगवा करके ले गया। पुलिस ने अध्यापक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कलान क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि उसकी 18 वर्षीया बेटी क्षेत्र के एक कॉलेज में पढ़ती थी। उसके कॉलेज में राहुल नाम का अध्यापक है। उन्होंने अपनी बेटी की शादी तय कर दी थी। उसकी बेटी की बारात 18 फरवरी 24 को है। शादी के कार्ड भी छप गए है। शादी के लिए सामान भी खरीदकर रख लिया था। उसकी बेटी 30 जनवरी को घर से किसी कार्य के लिए गई और शाम तक वापस लौटकर नहीं आई। उनको दो दिन बाद पता चला कि उसकी बेटी को अध्यापक राहुल अगवा करके ले गया है। उन्होंने राहुल के पिता से घर पर जाकर शिकायत की। आरोपी के पिता ने कहा कि बेटी को वापस कर देंगे। लेकिन उसकी बेटी नहीं लौटी। उसकी बेटी घर से नगदी और जेवर लेकर गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उप निरीक्षक वीकेश कुमार ने बताया कि आरोपी व छात्रा की तलाश की जा रही है।

# दिनभर रिमझिम के बाद रात को हुई झमाझम बारिश

संवाददाता, शाहजहांपुर



रविवार रात महानगर में होती झमाझम बारिश हुई। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोहरे के बाद रविवार को बेमौसम बारिश ने ठंड बढ़ा दी। दिनभर हुई रिमझिम बारिश रात को झमाझम में बदल गई। शाम लगभग नौ बजे के आसपास बे-मौसम जमकर बरसात हुई। लोग बचने के लिए छत तलाशते दिखाई दिए। कुछ लोगों ने पेड़ व भवनों की आड़ लेकर स्वयं को बारिश से बचाया। साइकिल और बाइक सवार तो जहां थे, वहीं रुक कर आड़ में हो गए। बारिश का यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

बे-मौसम हुई बारिश गेहूं की फसल के लिए अच्छी मानी जा रही है। पंपिंग सेट से सिंचाई करने वाले किसानों का डीजल का खर्च बच गया। हालांकि शहर में कीचड़ और बढ़ गया। वहीं, भावलखेड़ा में सुबह से शाम तक रुक-रुक बूंदाबांदी होती रही।

**चटख धूप के बाद बारिश का था अनुमान:** चटख धूप के बाद मौसम नम रहने का अनुमान था। जो रविवार को सही साबित हुआ। बारिश के बाद जिले में तापमान गिर गया। शनिवार को दिन में चटख धूप से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई थी, लेकिन रविवार सुबह तापमान फिर गिरकर 15 डिग्री तक पहुंच गया। शनिवार शाम को सूरज ढलने के साथ ही मौसम का मिजाज बिगड़ने लगा था। मौसम वैज्ञानिकों ने उम्मीद जताई थी कि रविवार और सोमवार को शाहजहांपुर समेत समीपवर्ती जिलों में वर्षा हो सकती है। बादल आज भी छाए रह सकते हैं। हालांकि मौसम के मिजाज में मंगलवार को बदलाव आने की बात कही जा रही है। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डा. एनसी त्रिपाठी ने फसलों की बढ़वार के लिए वर्षा को जरूरी बताया है।

**उम्मीदों को पंख** कमिश्नर सौम्या अग्रवाल के साथ हुई बैठक के बाद जीबीसी में निवेश को 90 उद्यमियों ने भरी हामी

# चार हजार करोड़ के निवेश से जिले में घूमेगा विकास का पहिया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ **सीबीजी, खाद, फ्लोर, ऑयल खंडसारी की फैक्ट्री में शुरू होगा उत्पादन**

**अमृत विचार :** कमिश्नर सौम्या अग्रवाल के साथ हुई बैठक के बाद जिले में लगभग चार हजार करोड़ के 90 उद्योगों की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है। जल्द ही जिले में सीबीजी, खाद, फ्लोर और ऑयल, खंडसारी की 90 फैक्ट्रियां उत्पादन शुरू कर देंगी। इसके लिए जिला उद्योग केंद्र की ओर से उद्यमियों को हर संभव मद्द देने का भरोसा दिलाया गया है। जिससे जिले में चार हजार करोड़ के निवेश से विकास का पहिया घूमेगा। फरवरी में प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) में बरेली मंडल से 504 उद्यमी निवेश को तैयार हैं। इसके तहत चारों जिलों में 34680.02 करोड़ रुपये का निवेश होगा। वर्तमान में कई उद्योग पाइप लाइन में अटके हैं। इसको लेकर बीते दिनों उद्यमियों की कमिश्नर सौम्या अग्रवाल के साथ बैठक हो चुकी है। पाइप लाइन में चल रहे उद्योगों को जल्द पूरा करने के लिए बीते दिनों शासन की ओर से निर्देश जारी किए गए थे। जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों के अनुसार इसके बाद नए निवेश का रास्ता साफ हो गया है। जिले में लगभग 90 फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर निवेश होगा और उत्पाद का रास्ता सुलभ होगा। यहां उत्पादित सामान की बाहरी क्षेत्रों में भी सप्लाई की जाएगी। नई औद्योगिक इकाइयों में हजारों की संख्या में युवाओं को रोजगार मिलेगा। जिले की आर्थिकी को बेहतर करने में भी यह उद्योग अहम साबित हो सकते हैं।


फ्लोर मिल।

### 90 इकाइयों में लगभग सभी उद्योग लगेंगे

उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने बताया अगर सब कुछ ठीक रहा तो जिले में 90 नई इकाइयां उत्पादन शुरू करेंगी। सीबीजी गैस भी यहां बनाने की तैयारी है। इसी तरह फ्लोर मिलों से उत्पादन शुरू होगा व तेल का उत्पादन किया जाएगा। खंडसारी उद्योग स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा तमाम छोटे-बड़े आदि उद्योगों की स्थापना की जाएगी।

> जीबीसी में बरेली मंडल से 504 उद्यमी निवेश को तैयार हैं। इसके तहत चारो जिलों में 34680 .02 करोड़ रुपये का निवेश होगा। उम्मीद है कि शाहजहांपुर जिले में तीन से चार हजार करोड़ का निवेश होगा। – **अनुराग यादव**, उपायुक्त उद्योग।




# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर...चहेतों को लाभ दिलाने को नियमों की बलि चढ़ा दी

## सेंटर खोलने के लिए किराये पर भवन लेने की प्रक्रिया में जिम्मेदारों ने ही किया खेल

पीलीभीत कार्यालय

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की ओर से मलिन बस्तियों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाने के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर किराए के भवन में खोले जाने हैं। नगरपालिका क्षेत्र में 1100-1100 वर्ग मीटर के तीन भवनों को किराये पर लेने के लिए प्रक्रिया शुरू हुई मगर जिम्मेदारों ने अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए भवन चयन प्रक्रिया के नियमों की ही बलि चढ़ा दी।

शासनादेश के अनुसार नगरपालिका के वार्ड के अनुसार भवन का चयन होना है मगर जिम्मेदारों ने जिला स्वास्थ्य समिति को गुमराह कर फाइल पर अनुमोदन कराकर किराए के भवन के लिए मोहल्ले के आधार पर भवन का चयन कर विज्ञप्ति प्रकाशित करा थी।

गंभीर प्रकरण में मुख्यमंत्री से लेकर सीएमओ तक लिखित शिकायतें पहुंची तो वरिष्ठ अफसरों के कान खड़े हो गए। शासन के नियमों के विरुद्ध हुए कार्य का सच जानने के लिए एडी हेल्थ बरेली डॉ. पुष्पा पंत ने जांच कराई तो उसमें भी जिम्मेदारों का खेल पकड़ा गया। बात करने पर उन्होंने स्वीकार भी है।

चयन समिति ने नियम विरुद्ध तरीके से भवन किराये पर लेने की विज्ञप्ति प्रकाशित कराई गई। एडी हेल्थ ने बताया है कि अनियमितताएं सामने आई हैं। चयन समिति ने वार्ड नहीं, बल्कि मोहल्ले के आधार पर चयन किया है, जोकि गलत है। डीएम, सीएमओ और एनआरएचएम के डायरेक्टर को पत्र भेजा है।

### सीएमओ के ड्राइवर और एक अन्य स्वास्थ्यकर्मी ने भी कर दिया आवेदन

मामले में एक शिकायत धीरेंद्र सिंह की ओर से सीएमओ से की गई। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को लेकर की जा रही धांधली में चहेतों को लाभ दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए सीएमओ के चालक और एनआरएचएम से जुड़े एक स्वास्थ्य कर्मी ने भी आवेदन किया था। ये भी आरोप लगाया कि चालक ने जिस भवन को लेकर आवेदन किया है। वह तालाब पाटकर बनाया है। इसकी जांच कराने की मांग की थी।

### 1100 वर्ग फिट के चयनित होने थे तीन भवन

मलिन बस्तियों में तीन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रस्तावित किए गए थे। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से किराए पर 1100 वर्ग फुट के आवास लिए जाने थे। जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार ओपीडी रूम के लिए 100 वर्ग फिट, औषधि भंडार के लिए 80 वर्गफिट, टीकाकरण व काउंसलिंग के लिए 80 वर्गफिट, स्टाफ नर्स कक्ष 100 वर्गफिट, वेटिंग रूम/पंजीकरण कक्ष के लिए 210 वर्ग फिट, शौचालय 60 वर्ग फिट, वेलनेस कक्ष 250 वर्गफिट, डे केयर रूम 220 वर्ग फिट होना नियत किया गया था। इसका किराया संबंधित स्थान के सर्किल रेट के आधार पर तय किया जाना था। जो कि करीब 45-50 हजार प्रतिमाह के आसपास माना जा रहा है।

**शासन में पहुंचा मामला तब सीडीओ ने तीन दिन में फाइल के साथ मांगा जवाब:** दो दिन पूर्व शहर के रहने वाले सिविल लाइन साउथ निवासी पंकज कुमार ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा। जिसमें बताया कि एनआरएचएम (राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन) की ओर से नगरीय क्षेत्रों में अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के संचालन के लिए किराये पर भवन लेने की प्रक्रिया चल रही है। जिसमें जिला स्वास्थ्य समिति को गुमराह कर अनुमोदन कराकर किराये के भवन के लिए विज्ञप्ति प्रकाशित कराई थी। विज्ञप्ति में मोहल्ले के आधार पर किराये के भवन का चयन किया जा रहा है। जबकि शासनादेश के अनुसार नगरपालिका के वार्ड के अनुसार होना था। मामला शासन तक पहुंचने के बाद सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह की ओर से तीन दिन के भीतर प्रकरण में फाइल के साथ जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे।

# दलित और मुस्लिमों की एकता बचा सकती है लोकतंत्र


जनसंपर्क करते कांग्रेस कार्यकर्ता। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ भाजपा को रोकने के लिए अल्पसंख्यक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क

**अमृत विचार:** टारगेट-41 अभियान के तहत कांग्रेस अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष सईद अंसारी के नेतृत्व में रविवार को रोजा, वाल्मीकि कॉलोनी और पैतापुर, बलिया गांव में जन संपर्क अभियान चलाया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने कहा कि दलित और मुस्लिम समुदाय की एकता ही लोकतंत्र और संविधान को बचा सकती है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के मुस्लिम 20 और दलित 21 प्रतिशत हैं जिनका कुल योग 41 प्रतिशत हैं। 2014 में भाजपा को 31 प्रतिशत और 2019 में 37 प्रतिशत वोट मिला था, यानि सिर्फ मुस्लिम और दलित साथ आ जाएं तो भाजपा बुरी तरह हार जाएगी, इनके कांग्रेस में आते ही अन्य जातियां भी साथ आ जाएंगी। उन्होंने बताया कि 1989 तक दोनों समुदाय एक साथ कांग्रेस को वोट करते थे, तब तक पूरे देश में भाजपा के सिर्फ दो सांसद होते थे। महानगर अध्यक्ष अफजाल खान ने बताया सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए। प्रदेश सचिव डॉ. फरीद ने बताया इन राज्यों के मुस्लमान और दलित एक तरफ कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के साथ हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बने राम मंदिर का श्रेय लेने की भाजपा की कोशिश नाकाम हो गई है, इसलिए भाजपा ने नितीश को तोडा और आरक्षण व्यवस्था कमजोर किए जाने से नाराज कमजोर तबके को गुमराह करने को कर्पूरी ठाकुर को सम्मानित किया। इस मौके पर गंगाराम कठेरिया, फरमान खान, जिला महासचिव तस्दीक अंसारी, प्रधान शंभू दयाल, अर्चना वाल्मीकि मौजूद रहीं।

# प्रतियोगिता में आलोक और अर्जुन प्रथम


प्रशिक्षकों के साथ प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी। • अमृत विचार

संवाददाता, रोजा

▸▸ मठिया कॉलोनी में आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता आयोजित

**अमृत विचार:** रेसलिंग प्रतियोगिता मठिया कॉलोनी स्थित विनायक आर्म रेसलिंग केंद्र में रविवार को संपन्न हुई। जिसमें आलोक व अर्जुन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता की शुरुआत वयोवृद्ध समाजसेवी वेदप्रकाश शुक्ला ने की। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं से खेल प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलता हैं। खिलाड़ियों को अभ्यास जारी रखना चाहिए। प्रतियोगिता में करीब बीस प्रतिभागियों में भाग लिया। प्रथम पुरस्कार वेट कैटेगरी में आलोक व अर्जुन ने हासिल किया। जबकि द्वितीय पुरस्कार असलाग, नारंग व शुभान को मिले। तृतीय स्थान पर कृष्णा, अमित और दीपक रहे। अंत में संस्था के संस्थापक प्रत्युष शुक्ला ने सभी प्रतिभागियों को ट्रॉफी व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# मूक बधिर युवक की हार्ट अटैक से मौत

**मिर्जापुर, अमृत विचार:** गांव राम दयाल नगला में एक मूक बधिर युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी हार्ट अटैक से मौत हुई है।

क्षेत्र के गांव राम दयाल नगला निवासी बृज किशोर ने बताया कि उसका बेटा अरविंद कुमार(27) जन्म से बोलने में असमर्थ था। शनिवार की शाम वह खेत पर शौच करने के लिए गया था। वापस घर आया तो अपनी मां की गोद में बैठ गया। कुछ देर बाद उसके सीने में दर्द उठा और तबीयत खराब हो गई। परिवार वाले उसे डॉक्टर के पास ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस गांव में पहुंची। बृज किशोर ने बेटे की मौत का कारण जानने के लिए शव पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस से कहा। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी हार्ट अटैक से मौत हुई है। उसकी शादी नहीं हुई थी। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# डकैत नहीं चढ़े हत्थे, संदिग्धों से पूछताछ तक सिमटी कार्रवाई

संवाददाता, पूरनपुर

▸▸ पांच दिन बाद भी बरामदगी को लेकर पुलिस के सामने चुनौती

▸▸ किराना व्यापारी के परिवार को बंधक बनाकर डकैती का मामला

**अमृत विचार:** किराना व्यापारी के परिवार को असलहों की नोक पर बंधक बनाकर 40 लाख की डकैती डालने वाले डकैत पांच दिन बाद भी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े हैं। घटना में इस्तेमाल कार को पुलिस अभी तलाश नहीं पाई है। एएसपी, सीओ, कोतवाल और एसओजी की अगुवाई में गठित की गई चार टीमों के अलावा अन्य थानों की पुलिस भी सुरागरसी में जुटी हैं, लेकिन हिरासत में लिए गए संदिग्धों से पूछताछ तक कार्रवाई सिमटकर रह गई है। महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगने का दावा करते हुए पुलिस जल्द खुलासे के दावे कर साख बचा रही है।

30 जनवरी की रात बंडा रोड पर रम्पुरा तालुके महाराजपुर गांव में सुनील गुप्ता के घर पांच बदमाशों ने असलहों के बल पर 40 लाख की डकैती की थी। एसपी अतुल शर्मा के स्तर से चार टीमें गठित की गईं।

आईजी बरेली डॉ. राकेश सिंह ने मौका मुआयना कर खुलासे का आश्वासन दिया है। किराना व्यापारी की दुकान से डीवीआर मिलने के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज देख बाहरी गिरोह को रडार पर लिए है। एक टीम शुक्रवार देर रात शाहजहांपुर से वापस आते वक्त हादसे में घायल भी हो गई थी। पुलिस ने एक-एक कर चार संदिग्ध हिरासत में लिए हैं। जिनसे टीमें पूछताछ कर रही हैं। पुलिस का मानना है कि घटना करने से पहले रेकी जरूर की गई होगी, जिसमें लोकल स्तर पर मदद ली गई है। पुलिस की छानबीन रविवार को भी चलती रही। जिम्मेदार खुद को खुलासे के नजदीक होना बता रहे हैं, लेकिन कब तक खुलासा होगा इसे लेकर कोई जवाब नहीं है। चर्चा है कि लाखों का माल डकैत समेट ले गए थे। ऐसे में पुलिस के सामने डकैतों की धरपकड़ के साथ ही बरामदगी की चुनौती बरकरार है।


### व्यापारी को बुलाकर कराई पहचान

घटना के बाद से किराना व्यापारी का परिवार भयभीत है। हालांकि एसपी के निर्देश पर परिवार को सुरक्षा मुहैया करा दी है। रविवार को पुलिस ने किराना व्यापारी को कोतवाली बुलाया। वहां हिरासत में लिए गए संदिग्धों को दिखाकर पहचान कराने का प्रयास किया गया। कुछ देर तक गोपनीय तरीके से वार्ता चली और फिर किराना व्यापारी को वापस भेज दिया। इसे लेकर कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है। सिर्फ जल्द खुलासा होने की बात कही जा रही है।

> इस मामले में टीमें लगी हुई हैं। कुछ संदिग्ध हिरासत में लिए हैं, जिनसे पूछताछ चल रही है। पूरा प्रयास है कि जल्द से जल्द घटना का खुलासा किया जाए। इसी उद्देश्य के साथ हर पहलू पर जांच-पड़ताल हो रही है।
> -प्रवीण कुमार, कोतवाल पूरनपुर

# देव प्रतिमाओं के साथ निकाली गई शोभायात्रा


देव प्रतिमाओं के साथ शोभायात्रा निकालते भक्त। • अमृत विचार


हवन पूजन कराते आयोजक। • अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

▸▸ बंसी वाले मंदिर में लक्ष्मी नारायण एवं शिव-पार्वती मूर्तियों की हुई प्राण प्रतिष्ठा

▸▸ हवन-पूजन प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद भंडारे में लोगों ने छका प्रसाद

**अमृत विचार:** वंशी वाले मंदिर में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण एवं शिव पार्वती की प्राण प्रतिष्ठा से पहले देव स्वरूप प्रतिमाओं के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में पुष्प वर्षा के साथ स्वागत हुआ।

रविवार को नगर के बंसी वाले मंदिर में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण एवं शिव पार्वती की प्राण प्रतिष्ठा पंडित अयोध्या प्रसाद शास्त्री के सानिध्य में मुख्य यजमान मनोज गुप्ता ने मंदिर में हवन पूजन किया। इसके बाद मंदिर से भगवान स्वरूप प्रतिमाओं के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा हिंदू पट्टी, दातागंज, निजामगंज, सराफा मार्केट होते हुए कई मार्गों से निकाली गई। शोभा यात्रा का जगह-जगह पर फूल वर्षा कर स्वागत किया गया। दोपहर बाद मंदिर पर आकर शोभायात्रा ने विश्राम लिया। शोभायात्रा में महिलाएं और पुरुष भक्तिमय गीतों पर थिरकते हुए चल रहे थे। मंदिर पर महिलाओं ने भजन कीर्तन किया इसके पश्चात देव स्वरूप प्रतिमाओं की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई। विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद का स्वाद लिया। इस दौरान मनोज गुप्ता, ममता सिंघल, श्याम गर्ग, निशा गुप्ता, राखी गुप्ता, रश्मि गुप्ता, खुशी, पूनम गर्ग, शिल्पी गुप्ता, काजल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### कथा समापन पर चला भंडारा

शाहजहांपुर। महानगर की गोकुलधाम कॉलोनी स्थित वृंदावन मैरिज लॉन में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा का समापन शनिवार को हुआ। जिसके बाद रविवार को कथास्थल पर कथावाचक योगेंद्र दीक्षित की ओर से हवन पूजन कराया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जोकि देर शाम तक चला। भंडारे में कॉलोनीवासियों और रहगीरों ने भगवान का प्रसाद रूपी भोजन ग्रहण किया। यजमान पंडित सुरेश मिश्रा, सुनीता मिश्रा, महेश मिश्रा, राजेश्वरी, अंकुर व मनीषा मिश्रा का सहयोग रहा।

# अभी और कॉलोनियों पर चलेगा बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ प्रशासन करा रहा अवैध कालोनी का सर्वे

▸▸ 30 से ज्यादा कॉलोनी पर हो चुकी है कार्रवाई

**अमृत विचार:** प्रशासन की अवैध कालोनियों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इसके लिए अवैध कॉलोनियों का सर्वे जारी है। महानगर क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय प्लाटिंग का काम तेजी से चल रहा है। वर्तमान में लगभग हर सड़क पर अवैध कॉलोनी विकसित हो रही हैं। खेती की जमीन का किसान से एग्रीमेंट कराकर हल्का लेखपाल से सांठगांठ कर अवैध रूप से कॉलोनी काटी जा रही हैं। झूठ बोलकर भोली-भाली जनता को जमीन की बिक्री की जा रही है। जिसमें मूलभूत सुविधाएं तक नहीं दी जा रही हैं। इसी को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट की ओर से अभियान चलाया जा रहा है।

सिटी मजिस्ट्रेट की ओर से अवैध प्लाटिंग का सर्वे विनियमित क्षेत्र से कराया जा रहा है। जल्द ही अवैध निर्माण की सूची तैयार कर इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से आम नागरिकों से अपील भी की गई है कि जमीन की खरीद फरोख्त करने से पहले उसकी पूरी तरह छानबीन कर लें। बिना लेआउट पास, मानकविहीन कॉलोनी में प्लाट न खरीदें। जिससे कि आगे चलकर भविष्य में आपको कोई दिक्कत आए। सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि अवैध कालोनी के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। आगे भी कार्रवाई चलती रहेगी। बता दें कि बीते सिर्फ तीन माह में 30 से ज्यादा अवैध कालोनी व प्लाटिंग पर कार्रवाई हो चुकी है।

# तीन फ्लाईओवर का केंद्रीय मंत्री ने किया वर्चुअल उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ वर्चुअल संबोधन में बोले गडकरी-उप्र का नेशनल हाईवे का रोड नेटवर्क 2024 तक अमेरिका के बराबर होगा

**अमृत विचार:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि लखीमपुर खीरी में तीन फ्लाईओवर चालू होना केंद्रीय गृह राज्यमंत्री, सांसद अजय मिश्र टेनी के प्रयासों की तस्वीर है। कहा कि यूपी में आज गुणवत्तायुक्त सड़कों का जाल बिछा हुआ है। तस्वीर वाकई बदल गई है। मैं ये विश्वास दिलाना चाहता हूं कि 2024 जब समाप्त होगा तो प्रदेश के नेशनल हाईवे का रोड नेटवर्क अमेरिका के बराबर होगा।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने रविवार को शहर से निकले पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाइवे पर तीन प्रमुख चौराहों पर बने फ्लाईओवर का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लोकार्पण किया। प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद भी वर्चुअली जुड़े। इसके बाद केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' ने विधायक योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी, सीडीओ, डीसीबी अध्यक्ष की मौजूदगी में बटन दबाकर विधिवत लोकार्पण कर जनपदवासियों को समर्पित किया। पश्चात केंद्रीय ग्रह राज्य मंत्री ने छाउछ ओवर ब्रिज के शुरुआती छोर पर पहुंचकर फीता काटकर लोकार्पित किया। 297 करोड़ से बने तीनों फ्लाईओवर की लंबाई लंबाई 3.80 किमी. है।


लोकार्पण कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का वर्चुअल संबोधन सुनते जनप्रतिनिधि व अन्य।

### परियोजनाओं की अलग अलग लागत बताने पर ट्रोल हुआ पीडब्ल्यूडी

फ्लाईओवर की लागत को लेकर भ्रम की स्थिति बनी रही। एलआरपी चौराहे पर लगी एक होर्डिंग में 300 करोड़ रुपये लागत दर्शाई गई। वहीं जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर किए गए आमंत्रण पत्र पर 297 करोड़ रुपये लागत दर्शाई गई, जबकि खीरी संसदीय कार्यालय द्वारा जारी आमंत्रण पत्र पर 290 करोड़ रुपये लागत दर्शाई है। परियोजना की अलग-अलग लागत दर्शाए जाने को लेकर सोशल मीडिया पर लोग ट्रोल करते नजर आए। अधिशाषी अभियंता शुभ नारायण ने इसे त्रुटि बताते हुए कहा कि परियोजना की लागत 297 करोड़ रुपये है।

